जीर्णोद्धार हो रहा है | by Sanjay Pareek

श्याम प्रेमियों का सपना साकार हो रहा है
बाबा के मंदिर का जीर्णोद्धार हो रहा है

कलयुग है इनके नाम ये दुनिया जान गई
और शीश की पूजा की शक्ति पहचान गयी
घर घेर में प्रभु भक्ति से चमत्कार हो रहा है
बाबा के मंदिर का जीर्णोद्धार हो रहा है

आते हैं लाखों लाख मंदिर में सवाली
मुंह माँगा मिलता है कोई जाता ना खाली
अरे श्याम दीवाना ये सारा संसार हो रहा है
बाबा के मंदिर का जीर्णोद्धार हो रहा है

भक्तों के लिए स्थान बदलेंगे भगवान्
नै जगह बिराजेंगे बालाजी गोपीनाथ
दिन पर दिन प्रभु का बड़ा परिवार हो रहा है
बाबा के मंदिर का जीर्णोद्धार हो रहा है

संगमरमर का मंदिर होगा बड़ा आलीशान
बड़ा दिव्या भव्य होगा वो बिलकुल स्वर्ग समान
शुभ घडी का सबको मोहित इंतज़ार हो रहा है
बाबा के मंदिर का जीर्णोद्धार हो रहा है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a5%80%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%a3%e0%a5%8b%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-sanjay-pareek/